# Divine College of Pharmacy

Recognized by Department of Health Medical & Family Welfare, Patna
Approved by Bihar University of Health Sciences, Patna, Bihar
Affiliated to Pharmacy Council of India New Delhi

## International Webinar @ DCOP

# डिवाइन फार्मेसी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

गरीब दर्शन / जीरादेई।

जीरादेई प्रखंड के जामापुर पथारदेई स्थित डिवाइन फार्मेसी कॉलेज में राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह समारोह का उद्घाटन हुआ। जिसके अंतर्गत 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया । डिवाइन फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. एस. गोस्वामी तथा डिवाइन ग्रुप के प्रशासनिक हेड शशि कुमार ने प्रोफेसर एम एल श्रॉफ़ के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् वेबिनार में डॉ. अरशद जमाल अंसारी (यूनिवर्सिटी ऑफ़ साउथ कैलिफ़ोर्निया, लॉस एंजल्स) तथा अंजुल भारद्वाज (प्रोफेसर, पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, राजस्थान) मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए थे, वक्ताओं ने 200 से अधिक प्रतिभागियों को संबोधित किया।इस वेबिनार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रिसर्च से जुड़े कई तथ्यों पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य डॉ एस. गोस्वामी ने वक्ताओं का सादर धन्यवाद आभार व्यक्त कर बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकियां समय के साथ उन्नत होती जा रही हैं अतः विद्यार्थियों को चाहिए कि इसकी बुनायदी जानकारी रखें और इसे साइंटिफिक रिसर्च में शामिल कर इसका लाभ उठायें।इस वेबिनार सेशन का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर, अनीत कुमार, सौम्या पाठक और सदफ़ सलमा ने किया वहीं मन्नान अंसारी, रेहान आलम, ज्योति राय, गुंजन रानी, नाजिया परवीन, अरविंद यादव समेत डिवाइन ग्रुप के सभी फैकल्टी उपस्थित रहे।